समाहरणालय, बाँका।

(जिला कल्याण कार्यालय)

अल्पकालीन नामांकन सूचना

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्रों के लिए बाँका जिलान्तर्गत संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास, बाँका में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन के लिए रिक्त स्थानों की विवरणी निम्नवत है :–

क्र०सं०	छात्रावास का नाम	कोटि	रिक्ति / सम्भावित रिक्ति
1	जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण, छात्रावास, बाँका	अति पिछड़ा वर्ग (EBC)	28

नामांकन हेतु आवेदन पत्र सूचना प्रकाशन की तिथि से 15.05.2026 तक विभागीय वेबसाईट **https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx** पर ऑनलाईन समर्पित किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित छात्रावास प्रबंधक–सह–अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी एवं जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, बाँका से छात्र/अभिभावक द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस को 11:30 बजे पूर्वाह्न् से 05:00 बजे अपराह्न तक सर्म्पक किया जा सकता है।

आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज :–

01 आवेदक अति पिछड़ा वर्ग (EBC) समुदाय का छात्र हों।
02 5 प्रतिशत सीटे दिव्यांग छात्रों के लिए आरक्षित हैं।
03 आवेदक बिहार राज्य का निवासी हो।
04 आवेदक बाँका जिलान्तर्गत किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
05 अर्हत्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
06 छात्र/अभिभावक की अधिकतम आय तीन लाख वार्षिक से कम होनी चाहिए।
07 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता–मैट्रिक पास।
08 चयन की प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार पूरी की जाएगी।

आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज :–

01 आवेदन विभागीय वेबसाईट **https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx** पर जाकर ऑनलाइन किया जा सकता है।
02 आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति ऑनलाइन अपलोड करना होगा :–

i. आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो – jpg/ipeg/Format में।
ii. आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
iii. बाँका स्थित शिक्षण संस्थानों में नामांकन रसीद का प्रमाण PDF Format में।
iv. आधार कार्ड की छायाप्रति PDF Format में।
v. विगत परीक्षा के अंक प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
vi. आधार सीडिंग बैंक अकाउंट का (खाता संख्या एवं आई०एफ०एस०सी० कोड सहित) छाया प्रति।
vii. अध्ययनरत् संस्थान के प्राचार्य द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत Forwarding Letter PDF Format में।
viii. माता पिता/अभिभावक द्वारा विहित प्रपत्र में हस्ताक्षरित शपथ पत्र।
ix. आवेदक का हस्ताक्षर jpg/ipeg/Format में।

आवेदन की प्रक्रिया :–

1. विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर केवल ऑनलाइन आवेदन समर्पित किया जा सकता है।
2. अधिक सहायता हेतु विभागीय गाइडलाइन्स को संदर्भित किया जा सकता है।
   अथवा जिला कल्याण कार्यालय, बाँका में प्रत्येक कार्य दिवस को 11:30 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क किया जा सकता है।
3. आवदेन सूचना प्रकाशन की तिथि से 15.05.2026 तक केवल ऑनलाइन स्वीकार किये जाएँगे।

- आवेदन की एक प्रति अनुलग्नक सहित हार्ड कॉपी जिला कल्याण कार्यालय, बाँका में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण पदाधिकारी, बाँका।

उप विकास आयुक्त
बाँका।